# 10 राजस्थान के मंदिर

1. कालिंजरा जैन मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) पाली (2) बाँसवाड़ा
(3) सिरोही (4) उदयपुर (2)

व्याख्या– कालिंजरा गांव में हरन नदी के तट पर ऋषभदेव जी का मंदिर स्थित है।

2. हाड़ौती का खजूराहो के नाम से जाना जाने वाला मंदिर है ?
(1) बुढ़ादीत सूर्य मंदिर
(2) भंडदेवरा शिव मंदिर (बारां)
(3) मामा भानजा मंदिर, फूलदेवरा
(4) सात सहेली मंदिर (2)

व्याख्या– बारां के रामगढ़ में भंडदेवरा के शिव मंदिर को मिथुन मुद्रा की अनेक मूर्तियाँ बनी होने के कारण इसे 'राजस्थान का मिनी खजुराहो/ हाड़ौती का खजुराहो' कहा जाता है।

3. सतबीस देवरी का मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) उदयपुर (2) चित्तौड़गढ़
(3) भीलवाड़ा (4) डूँगरपूर (2)

व्याख्या– यह मंदिर चित्तौड़ किले में फतेहप्रकाश महल के पास 11वीं सदी में निर्मित एक भव्य जैन मंदिर है, जिसमें 27 देवरियाँ बनी है।

4. राजस्थान में प्रसिद्ध सात सहेलियाँ का मन्दिर कहाँ पर है?
(1) झालरापाटन (झालावाड़) (2) अर्थूना (बाँसवाड़ा)
(3) नागदा (उदयपुर) (4) किराडू (बाड़मेर) (1)

व्याख्या– कर्नल टॉड ने इसे चार भुजा मंदिर कहा है।

5. कौनसा मन्दिर 'अद्‌बद जी का मन्दिर' कहलाता है?
(1) एकलिंग मन्दिर (2) सहस्रबाहु मन्दिर
(3) जगदीश मन्दिर (4) ऋषभदेव मन्दिर (2)

6. चित्तौड़ किले में स्थित मीरा मन्दिर का निर्माण किसने करवाया?
(1) महाराणा कुम्भा (2) महाराणा सांगा
(3) महाराणा उदय सिंह (4) महाराणा विक्रमादित्य (2)

व्याख्या– यह मंदिर कुंभश्याम मंदिर के पास ही उसी परिसर में बना है, इसका निर्माण महाराणा सांगा ने अपनी पुत्रवधू मीरां के लिए उसके भक्ति के लिए करवाया था, इसी मंदिर के सामने ही रैदास की 4 खंभो की छतरी बनी है।

7. बाडोली शिव मन्दिर किस शैली में बना है?
(1) द्रविड़ शैली (2) भूमिज शैली
(3) कच्छप घाट शैली (4) पंचायतन शैली (4)

व्याख्या– बाडोली शिव मंदिर का निर्माण 9वीं शताब्दी में परमार राजा हुण ने करवाया था।

8. कौनसा शिव मन्दिर 'मामा भान्जा मन्दिर' के नाम से जाना जाता है?
(1) गेपरनाथ महादेव (2) भंडदेवरा शिव मन्दिर
(3) फूलदेवरा शिव मन्दिर (4) कंसुआ शिव मन्दिर (3)

व्याख्या– अटरू (बारां) में स्थित इस मंदिर मामा भान्जा के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इसके निर्माण में चूने सीमेंट का प्रयोग नहीं किया गया है।

9. राजस्थान का एकमात्र मंदिर जहाँ गर्भगृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है?
(1) त्रिनेत्र गणेश मंदिर (2) घुश्मेश्वर महादेव मंदिर
(3) मदन मोहन मंदिर (4) शीतलेश्वर महादेव मंदिर (2)

10. राजस्थान का खजुराहो कहा जाने वाला 'किराडू मंदिर' किस जिले में स्थित है?
(1) बाड़मेर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) कोटा (1)

11. राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ जैन मंदिर है?
(1) रणकपुर जैन मंदिर (2) दिलवाड़ा जैन मंदिर
(3) विमलशाही जैन मंदिर (4) लुणवसाही जैन मंदिर (2)

व्याख्या– 11वीं से 15 वीं शताब्दी के मध्य बने ये मंदिर सोलंकी स्थापत्य कला के उदाहरण है। 14 अक्टूबर, 2009 को दिलवाड़ा जैन मंदिरों पर 5 रूपये का डाक टिकट जारी किया गया था।

12. निम्न में से कौनसा मंदिर 'नागर शैली' में निर्मित नहीं है?
(1) सोमेश्वर मंदिर (किराडू)
(2) अम्बिका मंदिर (जगत)
(3) रंगनाथ मंदिर (पुष्कर)
(4) दधिमाता मंदिर (गोठ–मांगलोद) (3)

13. निम्न में से कौनसा मंदिर 'पंचायतन शैली' में निर्मित नहीं है?
(1) ओसिया के मंदिर (जोधपुर ग्रामीण)
(2) भंडदेवरा शिव मंदिर (बारां)
(3) जगदीश मंदिर (उदयपुर)
(4) बढ़ादीत सूर्य मंदिर (कोटा) (1)

व्याख्या– ओसियां मंदिर महामारू शैली में निर्मित्त है।

14. अम्बिका माता का मंदिर स्थित है?
(1) गोगुन्दा (उदयपुर) (2) धुलैव (उदयपुर)
(3) जगत (सलूम्बर) (4) सेमारी (सलूम्बर) (3)

15. बेणेश्वर धाम में मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
(1) महारावल पुंजराज (2) महारावल आसकरण
(3) महारावल उदयसिंह (4) महारावल शिवसिंह (2)

व्याख्या– बेणेश्वर धाम (डूँगरपुर) में माघ पुर्णिमा को विशाल मेला भरता है जो आदिवासी क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है। इस धाम की स्थापना संत मावजी ने 1727 ई. में की थी। इस मंदिर का निर्माण महारावल आसकरण ने करवाया था।

16. गरड़िया महादेव मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) बूँदी (2) कोटा
(3) झालावाड़ (4) बारां (1)

व्याख्या– अधिकांश पुस्तकों में इस मंदिर को कोटा जिले में बताया गया है, जो कि गलत है। यह मंदिर चम्बल नदी के किनारे बूँदी जिले की तालेड़ा तहसील में खड़ीपुरा गाँव में स्थित है। हाल ही में इस मंदिर को 'बेस्ट आईकोनिक लैण्डस्कैप डेस्टिनेशन' पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

17. सहरिया जनजाति का कुम्भ कहलाने वाला 'सीताबाड़ी' किस जिले में स्थित है?
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) बारां (4) सिरोही (3)

व्याख्या– यहाँ पर सीता, लक्ष्मण व वाल्मिकी के मंदिर बने हैं। सहरिया लोग अपने मृतकों की अस्थियाँ यहाँ प्रवाहित करते हैं। मान्यता है कि भगवान राम द्वारा त्याग दिये जाने के बाद माता सीता यहीं पर आकर रही थी। यह स्थान लव–कुश की जन्मस्थली भी मानी जाती है।

18. 'राजस्थान का ऐलोरा' के नाम से जाना जाता है?
(1) बैराठ का गोल मंदिर (कोटपूतली–बहरोड़)
(2) परशुराम गुफा (राजसमंद)
(3) कोलवी की गुफाएँ (झालावाड़)
(4) औसियां के मंदिर (जोधपुर ग्रामीण) (3)

व्याख्या– झालावाड़ के डग क्षेत्र में कोलवी, बिनायगा, हथियागोड़ व गुनई में प्राचीन बौद्ध गुफाएं व स्तुप स्थित है। इन्हें राजस्थान का एलोरा कहा जाता है।

19. खाटू श्याम मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) चुरू (2) जयपुर
(3) सीकर (4) नागौर (3)

20. आमेर के जगत शिरोमणि मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
(1) महारानी कनकावती (2) सवाई जयसिंह
(3) महारानी सूर्य कंवरी (4) माधोसिंह द्वितीय (1)

व्याख्या– इस मंदिर का निर्माण आमेर शासक मानसिंह प्रथम की रानी कनकावती ने अपने पुत्र जगतसिंह की याद में इस भव्य कलात्मक मंदिर का निर्माण करवाया था।

21. प्रसिद्ध मोती डूँगरी गणेश मंदिर स्थित है?
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) अलवर (4) टोंक (1)

व्याख्या– मोती डूँगरी गणेश मंदिर का निर्माण 1761 ई. में माधोसिंह प्रथम द्वारा करवाया गया था। यह प्रतिमा जयपुर नरेश माधोसिंह प्रथम की पत्नी अपने पीहर मावली से लाई थी।

22. आभानेरी का हर्षद् माता मंदिर किस शैली में निर्मित है?
(1) मारू गुर्जर शैली (2) महामारू शैली
(3) कच्छपघात शैली (4) द्रविड़ शैली (2)

व्याख्या– हर्षद् माता का मंदिर मूलतः विष्णु भगवान का मंदिर है। 8वीं शताब्दी में बना यह मंदिर गुर्जर–प्रतिहारकालीन स्थापत्य कला (महामारू शैली) का उदाहरण है। मंदिर स्वास्तिक के आकार का है।

23. "भारतवर्ष के भवनों में ताजमहल के बाद यदि कोई भवन है तो वह है विमलशाह का मंदिर" विमलशाह के जैन मंदिर (आबू) के बारे में यह कथन किस विद्वान का है?
(1) जी. एच. ओझा (2) एल.पी. टेस्सीटोरी
(3) मुंशी देवीप्रसाद (4) कर्नल टॉड (4)

24. निम्न में से कौनसा मंदिर 'राजस्थान का कोणार्क' कहा जाता है?
(1) महामंदिर (जोधपुर) (2) मेनाल मंदिर (भीलवाड़ा)
(3) सूर्य मंदिर (ओसियां) (4) हर्षनाथ मंदिर (सीकर) (3)

25. राजस्थान का सबसे बड़ा गुरूद्वारा कहाँ पर स्थित है?
(1) डाबला (अनूपगढ़) (2) विजयनगर (अनूपगढ़)
(3) रावतसर(हनुमानगढ़) (4) धौलपुर (1)

व्याख्या– गुरूद्वारा बुड्ढ़ा जोहड़ (डाबला, अनूपगढ़) राजस्थान का सबसे बड़ा गुरूद्वारा है। यहाँ श्रावण अमावस्या को सिक्खों का मेला भरता है।

26. कौनसा मंदिर 1444 खम्भों पर टिका होने के कारण इसे 'स्तम्भों का वन' या 'खम्भों का अजायबघर' कहा जाता है?
(1) मुंछाला महावीर मंदिर (2) दिलवाड़ा जैन मंदिर
(3) किराडू के मंदिर (4) आदिनाथ मंदिर, रणकपुर (4)

व्याख्या– इस आदिनाथ चौमुखा मंदिर में 24 मंडप, 84 शिखर व 1444 खंभे हैं। इस मंदिर की प्रतिष्ठा सोमसुन्दर सूरि द्वारा करवाई गई थी। इस मंदिर में भगवान आदिनाथ की 5 फुट की संगमरमर की चौमुखा प्रतिमा स्थापित है।

27. धूलैव में स्थित प्रसिद्ध मंदिर, जैन धर्म के किस तीर्थकर को समर्पित है?
(1) महावीर (2) पार्श्वनाथ
(3) शांतिनाथ (4) ऋषभदेव (4)

28. लूणवसाही जैन मंदिर (आबू) का निर्माण किसने करवाया था?
(1) कीर्तिधर (2) विमलशाह
(3) वास्तुपाल और तेजपाल (4) भीमाशाह (3)

व्याख्या– इस मंदिर का निर्माण चालूक्य राजा धवल के मंत्री वास्तुपाल और तेजपाल द्वारा 1230 ई. में करवाया गया था। इस देवालय में देवरानी–जेठानी के गोखड़े हैं, इसलिए इसे 'देवरानी जेठानी का मंदिर' कहा जाता है।

29. निम्न में से कौनसा मंदिर 'मेवाड़ का हरिद्वार' कहलाने वाले मातृकुंडिया (चितौड़गढ़) में स्थित है?
(1) गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर (2) मंगलेश्वर महादेव मन्दिर
(3) मंडलेश्वर महादेव मंदिर (4) हल्देश्वर महादेव मंदिर (2)


व्याख्या– यहाँ भगवान शिव (मंगलेश्वर महादेव) का मंदिर है जो 'मेवाड़ का हरिद्वार' के नाम से भी जाना जाता है।


30. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म असंगत है?
(1) आर्थूणा मंदिर – बाड़मेर
(2) हर्षत माता का मंदिर – आभानेरी (दौसा)
(3) विभीषण मंदिर – कैथून (कोटा)
(4) हर्षनाथ मंदिर – सीकर (1)


व्याख्या– आर्थूणा के जैन मंदिर बाँसवाड़ा में स्थित है।

Read, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।